अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी साहित्य

कक्षा : VII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. **कविता का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखकर, पंक्तियाँ पूरी करें एवं सरलार्थ भी लिखें :-** **[2+8+4=14]**

   माँ! ये लहरें.......................................

   कल..

   ....

   मैं...

   ....

   ....

   ....

   ....

   अपनी.. हैं।

2. **"माँ की सेवा करो।"** [6]

   (क) यह वाक्य किसने, किससे कहा ?

   (ख) स्वामी जी किसकी सेवा को भारत माता की सेवा मानते थे ?

   (ग) स्वामी जी देश भ्रमण करते हुए किस शिला पर जा पहुँचे। यहाँ किसने किसके लिए तप किया था ?

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-** **[5x4=20]**

   (क) नार्वेजियनों के घर की व्यवस्था कैसी होती है ? वर्णन करें।

   (ख) विश्व धर्म सम्मेलन का अमिट प्रभाव लोगों पर क्यों पड़ा ? पश्चिमी देशों के लोगों ने उनका हार्दिक स्वागत क्यों किया ?

   (ग) इन लहरों की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ? प्रस्तुत कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

   (घ) घर में सबों के सो जाने के बाद भी मेहमान क्यों जाग रहा था ? घर में मातम क्यों छा गया ? वर्णन करें।

   (ङ) एक साल में चारों भाइयों की हालत किस प्रकार अच्छी हो गई ? जब दूसरी दीवाली आई तो क्या हुआ ?

4. **किसने, किससे, कब और क्यों कहा ?** **[2x6=12]**

   (क) "तुम्हारी गरज हो तो लो, नहीं तो मैं चली।"

   (ख) "मगर आगे गुजारा चलना मुश्किल है!"

Downloaded From www.icseboard.org

5. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ :-** [9+4=13]

आस्था, निर्वाह, आग्रह, फिक्र, प्रवासी, सुरुचिपूर्ण, उमंग, मुग्ध, दृढ़

6. **खाली स्थानों में पाठ के अनुसार शब्द भरें :- (वाक्य उतारें)** [5]

(क) __________ उनकी सेवा के लिए __________ में ही रहने लगे।

(ख) नार्वेवासी __________ की कार्य-निष्ठा तथा परिश्रम के __________ हैं।

(ग) चारों भाई __________ और पढ़े लिखे थे।

7. **एक या दो शब्दों में उत्तर दें :-** [10]

(क) डेनमार्क की राजधानी क्या है ?

(ख) ओस्लो में प्रवासी भारतीयों की संख्या कितनी होगी ?

(ग) बर्फ पर बिना पहियों की चलने वाली गाड़ी को क्या कहते हैं ?

(घ) 'ओस्लो फियोर्ड' की लंबाई (किलोमीटर) कितनी है ?

(ङ) कोंई-कोंई की आवाज करने वाले पक्षी का नाम लिखें।

(च) मित्र किस बस्ती में रहता था ?

(छ) विश्व धर्म सम्मेलन किस नगर में हुआ ?

(ज) नार्वे की मुद्रा को क्या कहते हैं ?

(झ) कुँजड़िन कितने बजे आई ?

(ञ) कहाँ (स्थान) के महाराज के आग्रह पर स्वामी जी धर्म सम्मेलन में गये ?

Downloaded From www.icseboard.org